INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: X	**Department: Hindi**	**Date – 03-05-2020**
Worksheet No: 3	**Topic: व्याकरण – पदबंध**	**Note: Pl. file in portfolio**

नाम: ____________________________अनुभाग: ______अनुक्रमांक: ______दिनांक: ______________

प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए:

(क) **हवाई किले बनाने वाले युवक** सच्चाई से अनभिज्ञ रहते हैं। ____________________

(ख) कबूतर का अंडा माँ के **हाथ से गिरकर** टूट गया। ____________________

(ग) **प्रयोगशाला में रखे हुए** रसायनों का प्रयोग सावधानी से करना चाहिए। ____________________

(घ) अध्यापक के कक्षा में न आने तक छात्र **शोर मचाए जा रहे थे**। ____________________

(ङ) **सबको मूर्ख बनाने वाले हम** ख़ुद अपने जाल में फँस गए। ____________________

(च) सेवक अपने मालिक की **मदद कर दिया करता था**। ____________________

(छ) **प्राणों की बाज़ी लगाने वाले** देशभक्त इतिहास में प्रसिद्ध हो गए। ____________________

(ज) **श्रवणकुमार के पिता** का वध तीर से हुआ। ____________________

(झ) **बाढ़ से पीड़ित वह** भोजन के लिए तरस रहा है। ____________________

(ञ) आजकल बच्चे **गाना सुनते-सुनते** पढ़ाई करते हैं। ____________________

(ट) **नेहरूकट शेरवानी** उसे बहुत पसंद है। ____________________

(ठ) **शेर की तरह दहाड़ने वाले तुम** अब शांत क्यों हो गए ? ____________________

(ड) **खंभे के तार में अटकी हुई** पतंग नीचे आ गिरी। ____________________

(ढ) नाव पानी में **डूबती चली गई**। ____________________

(ण) उस गायक ने **पहले से बहुत अच्छा** गाया। ____________________

(त) वह **प्रतिदिन की तरह** सैर कर रहा है। ____________________

(थ) **<u>दरवाज़े पर खड़ा कोई</u>** हमारी बात सुन रहा है । ____________________

(द) **<u>जनता को लूटने वाले वे</u>** घर में छिपे बैठे हैं । ____________________

(ध) बच्चे मैदान में **<u>खेल रहे हैं</u>** । ____________________

(न) सिपाही किले के चारों ओर **<u>दौड़ लगाता रहता है</u>** । ____________________

(प) आकाश में बादलों को देखकर मोर **<u>झूमने-नाचने लगा</u>** । ____________________

(फ) **<u>तुम्हारी उलटी-सीधी हरकतें</u>** किसी को पसंद नहीं हैं । ____________________

(ब) **<u>केरल से मँगाए गए केले के चिप्स</u>** बहुत स्वादिष्ट हैं । ____________________

(भ) **<u>कोने में रखी अलमारी</u>** में बहुत सारे नए कपड़े हैं । ____________________

(म) **<u>विचारों में डूबे हुए</u>** व्यक्ति को समय का पता ही नहीं चला । ____________________

(य) **<u>पेड़ पर बैठी</u>** चिड़िया उड़ गई । ____________________

(र) इस महामारी में सब **<u>अपने परिवार वालों के साथ</u>** रह रहे हैं । ____________________

(ल) **<u>लकड़ी के इस बड़े संदूक</u>** में किताबें हैं । ____________________

(व) **<u>रोज़ वक़्त पर आने वाले आप</u>** आज लेट कैसे हो गए ? ____________________

(श) ऋषि कपूर ने सभी फ़िल्मों में **<u>बड़े उत्साहपूर्वक</u>** काम किया । ____________________

(ष) **<u>मुसीबत में काम आने वाला</u>** मित्र ही सच्चा मित्र होता है । ____________________

(स) नदी **<u>कलकल करती हुई</u>** बह रही है । ____________________

(ह) **<u>विदेश से आए मेहमानों में से कुछ</u>** शाकाहारी हैं । ____________________

(क्ष) मैं कभी-कभी धार्मिक स्थानों पर **<u>चला जाया करता हूँ</u>** । ____________________

(त्र) **<u>परिश्रम करने वाले</u>** छात्र अवश्य सफल होते हैं । ____________________

(ज्ञ) रेस का घोड़ा **<u>बहुत तेज़ी से</u>** दौड़ा । ____________________

(श्र) **<u>सड़क के किनारे लगा</u>** वृक्ष आँधी आने पर गिर पड़ा । ____________________